एक नजर में

## बोला सेक्टर पर पोषण माह और बालिका दिवस का आयोजन



**सरदारपुर।** महिला बाल विकास परियोजना सरदारपुर 2 के परियोजना अधिकारी कमलसिंह निगवाल के मार्गदर्शन में बोला सेक्टर में पोषण माह और बालिका दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मानकुंवर राठौड़ ने बताया कि पोषण माह और बालिका दिवस के तहत सेक्टर पर बालिका महिलाए बडी संख्या में शामिल हुई। सेक्टर पर्यवेक्षक रेखा भवर की मौजूदगी में बालिका दिवस के उपलक्ष्य में और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा पौष्टिक आहार का जीवन में क्या महत्व है, और खान पान का ध्यान रखकर कैसे हम स्वस्थ रहे, समझाईश दी गई। बालिकाओं को भी बढ़ती उम्र में पौष्टिक भोजन करने और स्वस्थ संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही गर्भवती धात्री माता और कुपोषित बच्चों के लिए पोषण आहार की उपयोगिता बतलाई गई। इसके अलावा बालिकाओं को शिक्षा के प्रति जागरूकता और स्वावलंबन बनाने के लिए प्रेरित किया।

## आरिफ खत्री की कला पर विदेशी खरीदार हुए फिदा



**बाग** दिल्ली-एनसीआर के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित 60वें इंडियन हैंडीक्राफ्ट्स एंड गिफ्ट्स दिल्ली फेयर 2025 में भारत की पारंपरिक कला और हस्तशिल्प की झलक ने सबका मन मोह लिया। इस अंतरराष्ट्रीय मेले में देश-विदेश से आए हजारों खरीदारों, डिजाइनरों और व्यवसायियों के बीच मध्य प्रदेश के बाग प्रिंट के ख्यातनाम कारीगर मोहम्मद आरिफ खत्री का प्रदर्शन आकर्षण का मुख्य केंद्र बना रहा। यह फेयर एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स द्वारा आयोजित किया गया और यह दुनिया के सबसे बड़े (बिजनेस-टू-बिजनेस) ट्रेड फेयर्स में से एक है। आरिफ खत्री ने अपने स्टॉल पर पारंपरिक बाग प्रिंट की अद्भुत बारीकियों और प्राकृतिक रंगों की तकनीक को देशी और विदेशी मेहमानों के सामने प्रस्तुत किया। उन्होंने लाइव डेमो के माध्यम से दर्शकों को दिखाया कि कैसे कपड़े पर लकड़ी के ब्लॉकों से बाग प्रिंट की अनूठी छपाई की जाती है। कई विदेशी प्रतिनिधि उनके पास रुककर बाग प्रिंट के इतिहास, प्रक्रिया और उसके पर्यावरण-अनुकूल स्वरूप के बारे में विस्तार से जानकारी लेते नजर आए। इस मौके पर आरिफ खत्री ने कहा कि बाग प्रिंट सिर्फ एक कला नहीं, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे आज भी प्राकृतिक रंगों और पारंपरिक तरीकों से जिंदा रखा गया है। इंडियन हैंडीक्राफ्ट्स एंड गिफ्ट्स दिल्ली फेयर का आयोजन 13 से 17 अक्टूबर 2025 तक किया गया, जिसमें करीब 3,000 से अधिक भारतीय निर्माता और निर्यातक शामिल हुए। इस पांच दिवसीय मेले में 110 से अधिक देशों के खरीदारों ने भाग लिया, जिनमें अमेरिका, फ्रांस, स्पेन, जापान, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी और यूके जैसे प्रमुख देशों के आयातक शामिल थे। आरिफ खत्री ने बाग प्रिंट के माध्यम से भारतीय कपड़ा कला को न केवल प्रदर्शित किया बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी पहचान को और मजबूत किया। यह कला पीढ़ियों से उनके परिवार में चली आ रही है, और अब उन्होंने इसमें नए प्रयोग कर इसे आधुनिक बाजार के अनुरूप ढालने का प्रयास किया है। प्रदर्शनी के दौरान कई विदेशी खरीदारों ने उनके उत्पादों में गहरी रुचि दिखाई और बाग प्रिंट को वैश्विक बाजार में आगे बढ़ाने के लिए सहयोग की इच्छा जताई। बाग प्रिंट, जिसे भारत सरकार द्वारा जीआई टैग (*Geographical Indication Tag*) प्राप्त है, मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। यह कला न केवल पर्यावरण-अनुकूल है, बल्कि भारत के 'मेक इन इंडिया' अभियान की सच्ची मिसाल भी है। इस प्रिंट की विशेषता है कि इसमें उपयोग किए जाने वाले सारे रंग — पूरी तरह प्राकृतिक स्रोतों से तैयार किए जाते हैं। यह कला 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट ' योजना के तहत धार जिले के प्रतिनिधि उत्पाद के रूप में भी शामिल है।

## बैंक रिकवरी एजेंसी के नाम पर 32 लाख से अधिक ठगे

इंदौर. क्राइम ब्रांच की ईओडब्ल्यू टीम ने एक ऐसे शातिर ठग को गिरफ्तार किया है, जिसने खुद को बैंक की रिकवरी एजेंसी का सुपरवाइजर बताकर कई लोगों से लाखों रुपए की ठगी की थी. आरोपी निवेश पर भारी मुनाफे का झांसा देकर लोगों से पैसे वसूलता था और बाद में रकम हड़प लेता था. गिरफ्तार आरोपी 34 वर्षीय सुमेश शर्मा, निवासी स्कीम नंबर 78, इंदौर है. आरोपी ने खुद को आरबीएल बैंक और इंडू आईएनडी की रिकवरी एजेंसी का सुपरवाइज़र बताकर क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट रोटेशन और फंडिंग स्कीम के नाम पर निवेश कराने का झांसा दिया. शुरुआत में कुछ लोगों को मामूली लाभ देकर उनका विश्वास जीता, फिर लाखों रुपए वसूली कर फरार हो गया. आरोपी ने नकद, यूपीआई और क्रेडिट कार्ड ट्रांजैक्शन के जरिए लगभग 32 लाख से अधिक की राशि अलग-अलग लोगों से वसूल की. रकम को उसने विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे किनसेन, धनहिंद, राजहवीर और जेवीएम पे आदि में ट्रांसफर किया. पीड़ितों में महेश यादव, दीपक यादव, प्रतीक जटाले, रानू सोलंकी और योगेन्द्र सिंह पूनिया शामिल हैं. क्राईम ब्रांच की टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया. प्रारंभिक पूछताछ में उसने कबूल किया कि वह कुछ साथियों के साथ मिलकर यह ठगी करता था. आरोपी से मोबाइल, बैंक पासबुक, चेकबुक और फर्जी एजेंसी के दस्तावेज जब्त किए गए हैं. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसे पुलिस रिमांड पर लिया है. आरोपी से और भी ठगी के मामलों के खुलासे की संभावना जताई जा रही है. क्राइम ब्रांच इंदौर की ईओडब्ल्यू इन्वेस्टिगेशन टीम ने इस कार्रवाई में विशेष भूमिका निभाई.

चित्र क्राईम के नाम से...





# बिल्दा में दीपावली हाट के दिन पटाखा दुकानों में लगी आग

**मकान, दुकानें और वाहन जले, चार ग्रामीण घायल**

**लाखों का नुकसान हॉट बाजार में अफरा-तफरी मची**

**घायलों को क्षेत्रीय विधायक द्वारा 20-20 हजार रुपए की सहायता देने की घोषणा**

**टांडा** । शुक्रवार को बिल्दा का साप्ताहिक हाट बाजार था दो दिन बाद आने वाली दीपावली का बाजार होने से हाट में अच्छी खासी चहल पहल थी गंधवानी मार्ग पर बिल्दा में लगभग 15 से 20 फटाका दुकानें लगी हुई थी चर्चा हे कही से एक फटाका दुकान में फटाके की चिंगारी आई और देखते ही देखते आस पास की सभी दुकानों को चपेट में ले लिया पूरा क्षेत्र फटाको की आवाज से गूंज उठा कई किलो मीटर तक धूओ के गुबार उड़ते दिख रहे थे बताते हे ना तो पुलिस की माकूल व्यवस्था थी ना ही सुरक्षा की व्यवस्था थी चारो तरफ भगदड़ तथा अफरा तफरी मच गई फटाका में लगी आग से 3 लोगो के घायल होने के समाचार हे नगर के शंकर ,रूगनाथ ,डेबरा के मकान जलने की खबर हे 12 से अधिक मोटर साइकिल जल कर खाक होने के समाचार हे फटाका दुकानों के आस पास हाट में रंग रोगन वाले सब्जी वाले कपड़ा दुकानें में भी नुकसान हुआ है । घटना दोपहर लगभग 2 बजे की बताई जा रही हे ग्रामीणों ने अपने घरों से पानी ला कर आग बुझाने का प्रयास किया किंतु प्रयास ना काफी रहा घटना के लगभग 2 घंटे बाद मनावर तरफ से आई दमकल वाहन द्वारा आग को काबू में किया गया किंतु जब तक बहुत देर हो चुकी थी स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने प्रशासन तक सूचना भेजी गई तब गंधवानी से मोका मुआयना करने प्रशासन का दल आया । घटना में कालू पिता पावरिया खरबायडी 60 वर्ष मालसिंह पिता मोहन कटार पूरा 50 वर्ष तथा शंतु कुवरसिंह महिला 45 वर्ष खरबयडी को घायल अवस्था में गंधवानी हॉस्पिटल लाया गया जहा उपचार किया गया बिल्दा के प्रदीप पिता राजू उम्र 16 वर्ष के भी झुलसने की खबर हे जिसका बिल्दा में ही उपचार करवाया गया क्षेत्रीय विधायक तथा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार द्वारा घायलों को 20 -- 20 हजार रुपए देने की घोषणा की उक्त जानकारी प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि अशोक मांझी ने दी ।



# ब्लॉक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता हुई

## 20 टीमें हुई शामिल, कुशलपुरा की टीम ने हासिल किया पहला स्थान

**सरदारपुर।** नगर के नया बस स्टैंड पर जनजाति विकास मंच ब्लॉक सरदारपुर द्वारा जनजाति गौरव दिवस के उपलक्ष्य में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 20 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम में क्री?ा भारती के प्रांत मंत्री हरिश डांगोर, जनजाति विकास मंच प्रांत संयोजक रूपसिंह नागर, एडीशनल एसपी पारूल बेलापुरकर, सरदारपुर एसडीओपी विश्वदीपसिंह परिहार, थाना प्रभारी दीपक चौहान, संघ के जिला प्रचार सुमित पारासर, धर्म जागरण प्रांत सह संयोजक ललित कोठारी, मंच के पूर्णकालिक रामप्रकाश मछार, जिला अध्यक्ष अरविंद डावर, ब्लाक प्रभारी सत्यनारायण मावी सहित अन्य अतिथि मंचासिन रहें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडिशनल एसपी पारुल बेलापुरकर ने कहा कि खेलो से शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास होता हैं तथा खेल टीम वर्क और नेतृत्व कौशल का विकास करते हैं। वही मंच के प्रांत संयोजक रूपसिंह नागर ने उपस्थित युवाओं सम्बोधित करते हुए बताया कि कैसे भगवान बिरसा मुंडा ने मात्र 25 वर्ष की आयु में ही अपना बलिदान समाज राष्ट्र देश के लिए दिया। भगवान बिरसा मुंडा ने अपने समाज के लिए राष्ट्र और धर्म का जागरण भी किया है। भगवान बिरसा मुंडा की प्रेरणा को याद करते हुए, सभी युवा अपने गांव में फलियों, में तड़वी, पटेल, पुजारा, बढ़वा, कोटवाल के साथ बैठकर दहेज, दारू, डीजे व मतांतरण पर रोक लगाने का विचार करें। उन्होंने जनजाति नायकों को याद करते हुए 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस ब्लॉक स्तर पर उत्साह से मनाने का आग्रह किया।

### कुशलपुरा की टीम रही विजेता

जिला पूर्णकालिक रामप्रकाश मछार ने कार्यक्रम में कहा कि आगामी कबड्डी प्रतियोगिता जिला स्तर पर होगी। उसके लिए सरदारपुर ब्लॉक से 45 खिलाड़ियों का चयन कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही कुशलपुरा की टीम को लक्ष्य सेंट्रल स्कूल राजग?, दूसरे स्थान पर अमझेरा की टीम को जूनापानी सरपंच गंगाराम कटारा, तीसरे स्थान पर जूनापानी की टीम को कंजरोटा सरपंच हेमराज हटिला तथा चौथे स्थान पर रही छात्रवास सरदारपुर की टीम व पांचवे स्थान पर दत्तीगांव की टीम को रामु भाबर रिंगनोद द्वारा पुरस्कार प्रदान किए है। साथ ही अतिथियों द्वारा भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनजाति विकास मंच ब्लॉक अध्यक्ष भूरालाल गुड़िया, उपाध्यक्ष श्रीराम परमार, राजेश मे?ा, जिला युवा प्रमुख मुकेश बघेल, ब्लॉक युवा प्रमुख राहुल भूरिया, दिनेश भूरिया, गोपाल कटारा, अजमेर गुंडिया, ब्लॉक मीडिया प्रभारी अजय मोरी सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यकम का संचालन अमर अलावा ने किया।





## नर्मदा परिक्रमावासियों की सेवा पर बाकानेर समिति सम्मानित

**बाकानेर** । श्री माधवाश्रम गौशाला में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा मंडलेश्वर में श्री भागवत शरण माथुर की स्मृति में समर्पण सेवा समिति सकलनपुर द्वारा श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर अन्य क्षेत्र समिति को नर्मदा परिक्रमा वासियों की उत्कृष्ट सेवाओं के लिए श्री श्री1008 महामंडलेश्वर श्री ईश्वरवा नंद जी महाराज उत्तम स्वामी जी के करकमलों द्वारा सम्मानित किया गया श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर अन्य क्षेत्र समिति को उत्कृष्ट कार्य के लिए दूसरा स्थान मिला। समिति के महंतश्री सीताराम बाबा श्री गोविंद मामा जी श्री के के जोशी जगदीश सोनी जगदीश पाटीदार तेजा लाल पवार नत्थू लाल सिसोदिया राधेश्याम चौहान अरुण वैष्णव आदि समिति सदस्यों ने संत उत्तम स्वामी जी का आशीर्वाद प्राप्त किया इस अवसर पर समर्पण सेवा समिति के अध्यक्ष

श्री तपन भौमिक कार्यक्रम संयोजक श्री नरेंद्र सिंह चौहान संयोजक ओम जैन विधायक राजकुमार मेव पूर्व मंत्री उषा ठाकुर विधायक कालू सिंह ठाकुर खंडवा सांसद ज्ञानेंद्र पाटिल सोरभ पाटीदार आदि उपस्थित थे। श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर अन्न क्षेत्र सन 2017 से नर्मदा परिक्रमशियों की सेवा में कार्यरत है।

एक नजर | समाज में एकता और संस्कार का संदेश

# युवा राजपूत संगठन द्वारा दीपावली-दशहरा मिलन में शस्त्र पूजन

बदनावर तहसील के कानवन स्थित शिव वाटिका परिसर में युवा राजपूत संगठन के तत्वावधान में दीपावली और दशहरा मिलन उत्सव के साथ पारंपरिक शस्त्र पूजन कार्यक्रम भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर चारों दिशाओं से समाजबंधु एकत्र होकर धर्म, संस्कृति और परंपरा के प्रति अपनी आस्था का प्रदर्शन किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, शरद सिंह सिसोदिया, कुलदीप सिंह पिपलीपाड़ा, कमल सिंह पटेल कानवन, जीवन सिंह शेरपुर, बापू सिंह, दशरथ सिंह, नारायण सिंहचंद्रावत चिकलाना एवं भेरू सिंह सोलंकी एक जाजम पर विराजमान रहे।

संगठन द्वारा आयोजित किया गया संगठन द्वारा आयोजीत कर्यक्रम की प्रशंसा समाज में रही ।अतिथि स्वागत सदस्यों द्वारा किया गया कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गणेश और प्रभु श्रीराम और माता भवानी के चित्रों पर दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद उपस्थित जनों ने शस्त्रों का पूजन कर वीरता, पराक्रम और धर्म रक्षण की परंपरा को नमन किया। मंच से वक्ताओं ने कहा कि क्षत्रिय समाज अपने गौरवपूर्ण इतिहास और आदर्शों के लिए प्रसिद्ध है। तलवार केवल एक धातु का टुकड़ा नहीं, बल्कि यह पूर्वजों के साहस, त्याग और मर्यादा का प्रतीक है। इसे कभी प्रदर्शन या केक काटने के साधन के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। जब यह म्यान से बाहर आती है तो न्याय और धर्म की रक्षा का संदेश देती है। वक्ता नारायण सिंह चंद्रावत ने कहा कि धर्म की रक्षा हेतु शस्त्र और शास्त्र दोनों समान रूप से आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि ज्ञान और शक्ति दोनों का संतुलन ही समाज को सशक्त बनाता है। जीवन सिंह शेरपुर ने अपने संबोधन में कहा कि अन्याय और अधर्म के विरोध में डटे रहना ही सच्चा सनातन धर्म है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने कर्तव्यों को पहचानें और समाज, राष्ट्र तथा संस्कृति के उत्थान में योगदान दें। समारोह के दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने नई पीढ़ी को अपने आदर्शों से जोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि संस्कार, अनुशासन और निष्ठा से ही समाज मजबूत बनता है। यदि परंपराएं खत्म हो गईं तो यह केवल किसी वर्ग की नहीं बल्कि पूरे देश की हानि होगी। शस्त्र पूजा के साथ-साथ शास्त्रों के अध्ययन की प्रेरणा भी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि हर सनातनी को यज्ञोपवीत धारण कर अपनी आध्यात्मिक जिम्मेदारियों को निभाना चाहिए, क्योंकि यही संस्कृति की जड़ है। समारोह में उपस्थित जनसमूह ने कार्यक्रम को एक सामाजिक एकता के रूप में देखा। सभी ने एक स्वर में कहा कि समाज की ताकत राष्ट्र के काम आनी चाहिए। आज के समय में आपसी मतभेदों से ऊपर उठकर एकता की भावना को बढ़ाना सबसे बड़ा धर्म है। वक्ताओं ने इस आयोजन को केवल उत्सव नहीं बल्कि चेतना का संदेश देने वाला अवसर बताया। शिव वाटिका का पूरा परिसर पारंपरिक संगीत, जयघोष और धार्मिक वातावरण से गूंज उठा। मंच से गीत, कविताएं और वक्तव्य प्रस्तुत किए गए, जिनमें समाज के गौरवशाली इतिहास, महापुरुषों की वीरगाथाएं और वर्तमान पीढ़ी की जिम्मेदारी पर जोर दिया गया। आयोजन में उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति ने दीपावली और दशहरा की शुभकामनाएं एक-दूसरे को दीं तथा सौहार्द, प्रेम और भाईचारे का वातावरण बना। कार्यक्रम के पश्चात समाजजनों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई थी। सभी ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया और आपसी मेलजोल का आनंद लिया। इस सामूहिक भोजन ने एकता, समानता और सहयोग की भावना को और गहरा किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि ऐसे सामाजिक उत्सवों का उद्देश्य केवल पर्व मनाना नहीं, बल्कि लोगों को जोड़ना और आने वाली पीढ़ी को अपने संस्कारों से परिचित कराना है। युवा राजपूत संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यह कार्यक्रम समाज की सामूहिक शक्ति का प्रतीक है। हर वर्ष इस तरह के आयोजन के माध्यम से नई ऊर्जा और उत्साह पैदा होता है।

बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी उत्साहपूर्वक सहभागिता कर रहे थे। मंच से यह संदेश भी दिया गया कि युवा पीढ़ी को सोशल मीडिया की नकारात्मकता से दूर रहकर अपने जीवन में अनुशासन, आत्मसंयम और परिश्रम को अपनाना चाहिए। समारोह के दौरान यह भी कहा गया कि भारत की शक्ति उसकी संस्कृति में है। यदि हम अपने मूल्यों को जीवित रखेंगे तो कोई भी विपत्ति हमें डिगा नहीं सकती। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य कर राष्ट्र को सशक्त बनाना चाहिए। आयोजन के अंत में सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया और संगठन की ओर से धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर समस्त उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया और भारत माता की जय के नारों से वातावरण गूंज उठा। आयोजन का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ, जहां हर व्यक्ति ने एक-दूसरे को दीपावली और दशहरा की शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक एकता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सहित राजपूत समाज संगठन के सदस्य उपस्थित रहे/